...ालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल जिला बारां

...सख्या : 2/2018

मोहनलाल पुत्र मांगीलाल जाति माली निवासी कंवल्दा तह0 पीपल्दा जिला कोटा

.......प्रार्थी

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

♠ बनाम ♠

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल जिला बारां (राज0)

....अप्रार्थी

प्रार्थनापत्र अन्तर्गतधारा 136 आर0एल0आर0 एक्ट

पीठासीन अधिकारी : श्री प्रमोद कुमार सिंधव (आरएएस)

वकील प्रार्थी : श्री कर्मवीर शर्मा

निर्णय दिनांक : 21.06.2018

दायरा दिनांक: 15.02.2018

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी के पिता के खाते की आराजी खाता संख्या 415 खसरा नं0 2323 रकबा 0.20 है0, खसरा नं0 2326 रकबा 0.20 है0, कुल किता 2 रकबा 0.40 है0 वाके ग्राम बमोरीकलां में स्थित है। तथा वादी के पिता के खाते की आराजी खाता संख्या 47 खसरा नं0 190 रकबा 0.16 है0 वाके ग्राम चकभटेडिया में स्थित है। उक्त आराजी दौराने केचमेंट वादी के पिता को ग्राम चकभटेडिया व बमोरीकलां में प्राप्त हुई है। प्रार्थी के पिता का निवास स्थान ग्राम कवल्दा तह0 पीपल्दा जिला कोटा है जबकि आराजी बमोरीकलां व चक भटेडिया में है राजस्व कार्मिको द्वारा प्रार्थी के पिता का निवास स्थान भी साकिन देह कर दिया है। अतः उक्त आराजी की राजस्व जमाबंदी में वादी के पिता का निवासी स्थान साकिन देह के स्थान पर साकिन कवल्दा दर्ज किये जाने के आदेश प्रदान करें।

उक्त आशय का प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर दिनांक 15.02.2018 को प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार मांगरोल को तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु लिखा गया। तहसीलदार मांगरोल जो की लैण्ड होल्डर है व राज्य सरकार का पैरोकार है ने अपनी जांच रिपोर्ट पत्र कमांक/भू0अ0/2018/5 दिनांक 21.06.2018 से प्रस्तुत की। तहसीलदार मांगरोल ने अपनी जांच रिपोर्ट में अंकन किया कि ग्राम बमोरीकलां की वर्तमान जमाबंदी सम्वत 2073–76 की खाता संख्या 415 खसरा नं0 2323 रकबा 0.20 है0 खसरा नं0 2326 रकबा 0.20 है0, कुल किता 2 रकबा 0.40 है0 वाके ग्राम बमोरीकलां में खातेदार का नाम मांगीलाल पुत्र मोतीलाल जाति माली सा0 देह दर्ज रेकार्ड है। प्रार्थी द्वारा संलग्न दस्तावेजो नकल जमाबंदी 2071–74 ग्राम कवल्दा तह0 पीपल्दा की खाता संख्या 101 पर प्रार्थी के पिता मांगीलाल पुत्र मोती लाल जाति माली निवासी कवल्दा दर्ज है खातेदार की मृत्यु प्रमाण पत्र में भी पता कवल्दा तह0 पीपल्दा दर्ज है

र्ड, आधार कार्ड में भी प्रार्थी का निवास स्थान कवल्दा है। अतः प्रार्थी का निवास स्थान सा0 न पर कवल्दा तह0 पीपल्दा दर्ज करना उचित है।

हमारे द्वारा पत्रावली का अद्योपान्त अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा खाता संख्या 415 खसरा नं0 रकबा 0.20 है0, खसरा नं0 2326 रकबा 0.20 है0, कुल किता 2 रकबा 0.40 है0 वाके ग्राम रीकलां में व आराजी खाता संख्या 47 खसरा नं0 190 रकबा 0.16 है0 वाके ग्राम चकभटेडिया की राजस्व जमाबंदी में प्रार्थी के पिता का निवास स्थान सा0 देह के स्थान पर कवल्दा तह0 पीपल्दा दर्ज करने हेतु निवेदन किया है, संलग्न दस्तावेज एवं तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) जो राज्य सरकार का पैरोकार है कि रिपोर्ट में अंकन किया की द्वारा संलग्न दस्तावेजो नकल जमाबंदी 2071–74 ग्राम कवल्दा तह0 पीपल्दा की खाता संख्या 101 पर प्रार्थी के पिता मांगीलाल पुत्र मोती लाल जाति माली निवासी कवल्दा दर्ज है खातेदार की मृत्यु प्रमाण पत्र में भी पता कवल्दा तह0 पीपल्दा दर्ज है इसके राशनकार्ड, आधार कार्ड में भी प्रार्थी का निवास स्थान कवल्दा है। अतः प्रार्थी का निवास स्थान सा0 देह के स्थान पर कवल्दा तह0 पीपल्दा दर्ज करना उचित है। मुताबिक तहसीलदार रिपोर्ट प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है व खाता संख्या 415 खसरा नं0 2323 रकबा 0.20 है0, खसरा नं0 2326 रकबा 0.20 है0, कुल किता 2 रकबा 0.40 है0 वाके ग्राम बमोरीकलां में व आराजी खाता संख्या 47 खसरा नं0 190 रकबा 0. 16 है0 वाके ग्राम चकभटेडिया की राजस्व जमाबंदी में प्रार्थी के पिता का निवास स्थान सा0 देह के स्थान पर कवल्दा तह0 पीपल्दा दर्ज करने के आदेश तहसीलदार मांगरोल को दिये जाते है पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 21.06.2018 को राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार कोर्ट केम्प बमोरीकलां मजमेंआम में सुनाया गया।